अमर उजाला

**Delhi : नकली घी बनाने वाली तीन फैक्टरियों का पर्दाफाश, छह गिरफ्तार; 1625 किलो नकली माल किया बरामद**



अपराध शाखा ने त्योहारों की मिठास में जहर घोलने की साजिश को नाकाम करते हुए करावल नगर, शिव विहार और पुरानी मुस्तफाबाद में तीन नकली घी बनाने वाली फैक्टरियों का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीनों जगहों से कुल 105 लोहे के टिनों में रखा 1,625 किलो नकली देसी घी बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि इन फैक्टरियों में दशहरे व दिवाली पर बढ़ती मांग का फायदा उठाकर वनस्पति तेल और घटिया रिफाइंड ऑयल में खतरनाक केमिकल, रंग और फ्लेवर मिलाकर देसी घी तैयार कर रहे थे। आरोपी इसे नामी ब्रांड के डिब्बे में पैक कर बाजार में 3,500 से 4,000 रुपये प्रति टिन बेचने की फिराक में थे जबकि इसकी लागत करीब 1,300-1,400 रुपये आती थी।

Source: https://www.amarujala.com/delhi-ncr/delhi-three-factories-manufacturing-fake-ghee-busted-six-arrested-2025-10-03?src=top-subnav